कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल,
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
फतहाँ–मीरजापुर

पत्रांकः 453 /वि0वि0मं0(मी0)/ई–निविदा प्रकाशन दिनांक : 07/05/2026

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,

1) आज, वाराणसी।
2) राष्ट्रीय स्वरूप, लखनऊ।
3) काशीवार्ता, वाराणसी।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार–पत्र में दिनांकः 09.05.2026 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव दो लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पू0वि0वि0नि0लि0, भिखारीपुर, वाराणसी को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार–पत्र के अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार–पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जायें। हिन्दी समाचार–पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाय जिसके लिए समाचार–पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
4. **विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।**
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. समाचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से0मी0 चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of newspaper) में प्रकाशित कराए जायें।
7. हिन्दी फॉन्ट Krutidev 010 एवं फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायें।
8. अंग्रेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10 का प्रयोग किया जाय।
9. प्रकाशन running matter के स्थान पर उक्त प्रारूप में यथास्वरूप ही प्रकाशित कराया जायें।
10. कॉलम की ऊँचाई content के अनुसार परिवर्तनीय (variable) रहेगी। पंक्तियों के बीच का space संलग्न प्रारूप के अनुरूप रहेगा। इस space को बढ़ाकर विज्ञापन का आकार (height) अनावश्यक रूप से न बढ़ाया जायें।
11. **उक्त निर्देशो के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से** प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक– 1– विज्ञापन सामग्री 1 नग।
2– **विज्ञापन का प्रारूप।**

अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक : /वि0वि0मं0(मी0)/ ई–निविदा प्रकाशन तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, भिखारीपुर डी0एल0डब्लू0 वाराणसी।
2– मुख्य अभियन्ता (वितरण), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
3– जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पू0वि0वि0नि0लि0, भिखारीपुर, वाराणसी।
4– सूचना पट्ट।

अधीक्षण अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, मीरजापुर
ई–निविदा सूचनाः — दिनांकः 11.05.2026
निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1. **02/वि0वि0मं0(मी0)/2026–27,** जमायोजना वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–कछवां, मीरजापुर के अधीन कास्ट डाटा बुक–2026 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में झटपट पोर्टल एवं निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को 150 कि0वा0 तक (300 मीटर की दूरी तक) विद्युत संयोजन देने एवं लाइन निर्माण सम्बंधित समस्त कार्य, निविदा प्रपत्र शुल्क–रू0 3540.00, धरोहर धनराशि–रू0 30000.00 2. **03/वि0वि0मं0(मी0)/2026–27,** जमायोजना वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–मीरजापुर के अधीन कास्ट डाटा बुक–2026 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में झटपट पोर्टल एवं निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को 150 कि0वा0 तक (300 मीटर की दूरी तक) विद्युत संयोजन देने एवं लाइन निर्माण सम्बंधित समस्त कार्य, निविदा प्रपत्र शुल्क–रू0 3540.00, धरोहर धनराशि–रू0 30000.00 3. **04/वि0वि0मं0(मी0)/2026–27,** जमायोजना वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–चुनार, मीरजापुर के अधीन कास्ट डाटा बुक–2026 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में झटपट पोर्टल एवं निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को 150 कि0वा0 तक (300 मीटर की दूरी तक) विद्युत संयोजन देने एवं लाइन निर्माण सम्बंधित समस्त कार्य, निविदा प्रपत्र शुल्क–रू0 3540.00, धरोहर धनराशि–रू0 30000.00
ई–निविदा की अंतिम तिथिः 25 मई, 2026, 14:00 बजें
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, मीरजापुर

Signature Not Verified
Digitally signed by ANKUR AWASTHI
Date: 2026.05.15 16:13:00 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with OKEN Scanner